propose to stop the purchase, installation and maintenance of telephone instruments, thus affecting millions of new telephone subscribers all over the country; and

(b) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKM RAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise in view of (a).

डाकघर खोलने के मानदंड

411. श्री अनन्त राय जायसवाल : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय को ग्राम–त्रिमुहानी घाट जिला दरभंगा (बिहार) में डाकघर खोले जाने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ख) क्या सरकार ने डाकघर खोलने के लिए कोई मानदण्ड निर्धारित किये हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसे कब तक खोले जाने की सम्भावना है?

संचार मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, हां । उक्त डाकघर नहीं खोला जा सकता, क्योंकि यह राजस्व ग्राम "जरिआओं" का एक पुरवा है और जरिआओं में एक डाकघर पहले से ही है।

(ख) जी हां । शाखा डाकघर खोलने के लिए निर्धारित मानदण्डों की एक प्रतिलिपि विवरण (नीचे देखिए) में दी गई है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

शाखा डाकघर खोलने के लिये मानदंड व मार्गदर्शी सिद्धांत

(1) जनसंख्या

(क) सामान्य क्षेत्रों में:–

एक ग्राम–समूह (जिसमें वह गांव भी शामिल है, जहां डाकघर खोलने का प्रस्ताव है) की जनसंख्या 3000

(ख) पहाड़ी, जनजातीय, रेगिस्तानी तथा दुर्गम इलाकों में :

किसी एक अकेले गांव की जनसंख्या 500 या एक ग्राम समूह की जनसंख्या 1000.

(2) दूरी

(क) सामान्य क्षेत्रों में

मौजूदा नजदीकी डाकघर से दूरी कम से कम 3 कि.मी. होनी चाहिये।

(ख) पहाड़ी, जनजातीय, रेगिस्तानी तथा दुर्गम इलाकों में :

पहाड़ी इलाकों को छोड़कर दूरी की सीमा वही होगी, जो ऊपर दी गई है । निदेशालय द्वारा उन मामलों में दूरी की सीमा में छूट दी जा सकती है, जहां विशेष परिस्थितियों के आधार पर ऐसी छूट अपेक्षित है । इन परिस्थितियों का प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिये।

(3) अनुमानित आय

(क) सामान्य क्षेत्रों में

न्यूनतम अनुमानित आय लागत का 33⅓ प्रतिशत होनी चाहिये।

(ख) पहाड़ी, जनजातीय, रेगिस्तानी तथा दुर्गम इलाकों में:

न्यूनतम अनुमानित आय लागत का 15 प्रतिशत होनी चाहिय।

Modernisation and Increasing the capa. cities of old and out dated exchanges

411. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of COMMUNICA-